क्यूँ भूल गये श्यामा, मुझे पागल समझकर भूल गये

तर्ज : छोड़ गए बालम

क्यूँ भूल गये श्यामा,
मुझे पागल समझकर भूल गये ॥

मेरे मन में उठी उमंगें, जप लूँ नाम तुम्हारा ।
तुम श्यामा अब दर्शन दे दो, होगा भला हमारा।
हम हैं बालक नादान, तुम क्यूं हमको भूल गये ॥

तुम आओ या ना आओ, मैं लूंगा नाम तुम्हारा ।
जहाँ कहीं भी तूम जाओगे, पीछा करूँगा तुम्हारा ।
मैं छोड़ नहीं सकता, तुम बेशक मुझ को छोड़ गये ॥

दुनिया में तुम भक्ति की माला, जल्दी फेरो भगवान ।
नहीं तो इस दुनिया में श्यामा, धर्म हो जाएगा भंग ।
क्यों तोड़ गए श्यामा, मेरा भक्ति भरा दिल तोड़ गये ॥

मेरे मन में आशा उठी तब, आया पास तुम्हारे ।
'मातृदत्त' तुम्हारा तुम बिन, व्याकुल नन्द दुलारे ।
मैं भुल नहीं सकता फिर, तुम क्यों मुझ को भुल गये ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34180/title/kyu-bhul-gye-shayma--mujhe-pagal-samjhkar-bhul-gye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |